**एक नजर में**

## प्रभारी मंत्री आज और कल जिला प्रवास पर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु अर्द्धघुमन्तु कल्याण विभाग राज्यमंत्री एवं टीकमगढ़ जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर 11 तथा 12 सितम्बर को टीकमगढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगीं। प्रभारी मंत्री का सायं 7 बजे सर्किट हाउस टीकमगढ़ में आगमन होगा। इसके बाद प्रभारी मंत्री 7:30 बजे जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगीं।**

प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर 12 सितम्बर को सुबह 10:30 बजे भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगी। प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर की अध्यक्षता में सुबह 11:30 बजे कलेक्टट कार्यालय में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। श्रीमती गौर दोपहर 4 बजे विकास कार्यों का अवलोकन करेंगी। सायं 6 बजे प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर टीकमगढ़ से झांसी के लिये प्रस्थान करेंगी।

## वर्तमान में दुर्लभ हुई तर्पण सामग्री, पक्षी व जानवर भी हुए गायब

**कौए के विकल्प में अन्य पक्षी को करा रहे पितृपक्ष का भोजन**

**कद्दू के फूल गुमशुदा अब केवल चांदी के फूलों का सहारा**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पितृपक्ष में पूर्वजों के निमित्त श्रद्धा व आस्था के तीन दिन बीत चुके हैं। लोग अपने पितरों को तृप्त व प्रसन्न करने के लिए, तर्पण के दौरान जल व श्राद्ध के माध्यम से अन्न दे रहे हैं। जिससे वह आशीर्वाद प्रदान करें तथा पितृदोष से मुक्ति मिले। इसके लिए जातक जलाशयों पर जाकर व घरों पर छत और आंगन में बैठकर हाथ में जल, कुशा, अक्षत, तिल आदि से पितरों के निमित्त तर्पण कर रहे हैं। यानी उन्हें जल दे रहे हैं। लेकिन इस दौरान उन्हें कौए और कद्दू के फूल आसानी से नहीं मिल रहे हैं। वर्तमान समय में दुर्लभ हो चुकी इन चीजों के विकल्प कर्मकांडी ब्राह्मण लोगों को सुझा रहे हैं।**

गृहस्थ संतों के अनुसार तर्पण करने के लिए पुराणों में कुशा, तिल, जवा, चावल, काले तिल, सफेद तिल, पीली सरसों, नागरमोथा, लाल तिल, गाय का दूध, गंगाजल, तुलसी पत्र आदि का उपयोग अलग-अलग जातकों के लिए करने का विधान है। तर्पण में काले तिल का उपयोग उन व्यक्तियों को करना चाहिए, जिनके पिता जीवित नहीं हैं। सफेद तिल का उपयोग उन व्यक्तियों के लिए जिनके पिता जीवित हैं पर वह अन्य किसी जातक के लिए तर्पण कर रहे हैं। दत्तक माता-पिता के लिए पीली सरसों से तर्पण किया जाता है। यदि गुरु के लिए शिष्य तर्पण कर रहा है तो वह नागरमोथा यानी खड़ी मूंग से तर्पण करेगा। तर्पण में वस्त्र दान कर रहे हैं तो सिर्फ सफेद या पीले वस्त्र का विधान है। खड़े चावल के स्थान पर टूटे हुए चावल का उपयोग होता है।

तर्पण में कद्दू के फूलों का विधान, चांदी के फूल दूसरा विकल्प: कथा प्रवक्ता पं. महेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि तर्पण कार्य में सफेद फूलों का विशेष महत्व है। पुराणों में कद्दू के फूलों का वर्णन किया है। परंतु आज यह फूल मिलना दुर्लभ हो गए हैं। इसलिए इनके विकल्प में जातक चांदनी के फूलों का उपयोग कर सकता है। परंतु जौ एवं स्वान का कोई विकल्प नहीं है। कन्या नहीं मिलती है तो उसका भाग आप अतिथि को दे सकते हैं। गाय का भी विकल्प नहीं है परंतु यदि शाम तक गाय नहीं मिलती है तो वृक्ष के नीचे विसर्जित कर सकते हैं। कौए के स्थान पर किसी भी पक्षी को भोजन का भाग दें पितृपक्ष में तर्पण के बाद पितरों को तृप्त करने के लिए कौए को भोजन देने का विधान है। लेकिन कौए कम दिखाई दे रहे हैं। कौए तलाशने के लिए साधकों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। शहर में ऐसा वर्षों से हो रहा है।

### कौए नहीं मिल रहे तो किसी पक्षी को दें उसका भाग

पं. द्विवेदी बताते हैं कि पितरों को मोक्ष दिलाने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों लोग झील के तट पर तर्पण के लिए पहुंच रहे हैं। तर्पण के बाद कर्मकांड अनुसार गाय, कुत्ता और कौए के नाम से भोजन निकालकर उन्हें कराया जाता है। करीब 8 से 10 साल पहले शहर में पितृपक्ष के समय कौए बड़े झुंड में दिखते थे। उस वक्त खाना रखकर आवाज देने पर कौओं का झुंड चला आता था। आज स्थिति यह है कि यह ढूंढ़ने से नहीं मिल रहे हैं। कौओं के लिए छत पर या खुले में भोजन रखकर छोड़ देते हैं। यदि कौए नहीं मिल रहे तो लोग किसी भी पक्षी को उसका भाग दे सकते हैं।

## कलेक्टर ने लगाई प्लाटों की बिक्री और नामांतरण पर रोक



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला प्रशासन ने टीकमगढ़ किला और खास क्षेत्र में अवैध कॉलोनी बनाने वाले 18 लोगों की नई सूची जारी की है। कलेक्टर ने सभी कॉलोनियों में प्लॉट की बिक्री और नामांतरण पर रोक लगा दी है।**

पहले से ही 200 से अधिक अवैध कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किए गए हैं। 100 से ज्यादा अवैध कॉलोनियों में प्लॉट बिक्री और नामांतरण पर पहले ही प्रतिबंध लगाया जा चुका है। नियम 2021 के अनुसार अनाधिकृत कॉलोनियों की भूमि में किसी भी प्रकार का अंतरण नहीं किया जा सकता। यह नियम प्रदेश राजपत्र में 13 जनवरी 2022 को प्रकाशित हुआ था। टीकमगढ़ किला नई सूची में पुष्पेन्द्र सिंह गौर, गोविंद सिंह, रविशंकर सिंह, रामसिंह राय, गोपाल सिंह, चरणसिंह राय, दिनेश राय, रमेश राय, हर्षवर्धन यादव, पुरुषोत्तम, महेन्द्र पुरोहित, जानकी पत्नि दामोदर प्रसाद पुरोहित, विशुद्ध रियलकॉन प्रा.लि. द्वारा पार्टनर अभिषेक जैन, प्रिंस कुमार जैन, बृजेश रावत, सुमंगलम ग्रुप संतोष जैन, नरेश श्रीवास्तव, चन्द्रप्रकाश गिरी श्रीनगर, जय महाकाल ग्रुप रविकांत साहू, दीपेन्द्र सिंह, जाहर सिंह यादव, सरस्वती-कृष्णगोपाल द्विवेदी, आमोद द्विवेदी, संजय यादव, वर्मा पेट्रोल के पीछे, जयसिंह यादव देवकी नगर कॉलानी, जितेन्द्र कुमार नापित सहित अन्य शामिल हैं।

## विधिक साक्षरता शिविरों का हुआ ग्रामों में आयोजन, लाभ उठाने की अपील



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में वार्ड नंबर 12, वार्ड नंबर 6, वार्ड नंबर 3, स्थित आंगनबाडी केन्द्रों, शासकीय शाला माध्यमिक, प्राथमिक शाला, कारी, कंचनपुरा, ग्रामटपरियन, गोपालपुरा एवं माता मंदिर गोपालपुरा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रमों में सुनीता गोयल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ द्वारा उपस्थित पुरूषों एवं महिलाओं को महिलाओं के अधिकार, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना, नि:शुल्क विधिक सहायता, श्रमिक अधिकार, पेंशन योजनाएं, वृद्धावस्था पेंशन जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

विधिक सेवा प्राधिकरण सचि श्रीमती गोयल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को कानून की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रह सकें और जरूरतमंदों को भी न्याय मिल सके।

उन्होंने यह भी बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण गरीब, असहाय, महिलाओ, बच्चों और श्रमिकों के लिए हमेशा तत्पर है। आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चों के पोषण आहार तथा महिलाओं घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम एवं 13 सितम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रमों, शिविर में योजनाओं के पेम्प्लेट का वितरण किया गया। शिविरों में शिक्षक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण एवं महिला, बच्चे एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

## नन्हें-मुन्नों को किया जा रहा जागरूक

**पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार संचालित सृजन अभियान चलाकर नन्हें-मुन्नों के जीवन में जागरूकता और प्रेरणा का संचार कर रहा है।**

इसी कड़ी में थाना जतारा में स्कूली बच्चों को थाना भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया, उन्हें अनुशासन, शिक्षा और खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से नशे एवं बुरी आदतों से दूर रहकर समाज में एक आदर्श नागरिक बनने का संकल्प दिलवाया।

टीकमगढ़ पुलिस का मानना है कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं ।

## संभागायुक्त ने किया क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



**नवभारत न्यूज पलेरा। खेलों का महाकुंभ शुरू हो गया है। सीएम राइस स्कूल पलेरा के रामराजा ग्राउंड पर से संभागीय क्रीड़ा खेल प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों के उत्साह और जोश ने वातावरण को खेलमय बना दिया प्रतियोगिता में सागर संभाग के पन्ना, छतरपुर, सागर और टीकमगढ़ जिले से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया।**

प्रतियोगिता में पहले दिन कबड्डी और योग प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व सुनील खटीक, तेज़ सिंह यादव, महेश पटेरिया, हरसेवक राजपूत, संस्था प्राचार्य महेश रावत, कौशल राजपूत, राजेश गुप्ता बूदौर प्राचार्य, कन्या प्राचार्य, आनंद अहिरवार लाहौर प्राचार्य, के के त्रिपाठी, पीडी कटारे, शैलेन्द्र सिंह राय, गोमती खटीक, रामसिंह राजपूत, अनिल कुमार मिश्रा, पत्रकार, इमरान समीर अहमद, मनीष यादव आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन किरण भार्गव ने एवं सांदीपनि प्राचार्य महेश रावत ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। भोजन उपरांत रामराजा ग्राउण्ड पर कबड्डी एवं केटी स्कूल के सभागार में पतंजलि योग समिति के संतोष खरे, राज झमेले, रामचन्द्र यादव एवं बीईओ जैन साहब, जिला योग प्रभारी नें मां शारदे के पूजन उपरांत योगासन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## चल रहे बिना मान्यता के स्कूल

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कस्बा दिगौड़ा में आज भी कई अशासकीय स्कूल बिना मान्यता के चलाए जा रहे हैं। कस्बे के लोगों ने इन स्कूलों पर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रशासन से इन पर कार्यवाही करने की मांग की है।**

जानकारी अनुसार कस्बा में बिना मान्यता के संचालित किए जा रहे अशासकीय स्कूलों को लेकर सोशल मीडिया के एक ग्रुप पर लोगों के कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। लोगों ने बताया कि कस्बा में एक स्कूल धामना गांव के पास, दो स्कूल बिजरावन पर संचालित हो रहे है। जहां कई बच्चे पढाई कर रहे हैं। संकुल केंद्र दिगौड़ा से अधिकारी इन स्कूलों में जांच के लिए पहुंचे थे तो स्कूलों के पास मान्यता से संबंधित कोई भी दस्तावेज नहीं मिला। संकुल टीम ने बिना मान्यता का स्कूल को बंद कराया था और बिना मान्यता के स्कूल संचालित ना करने के निर्देश दिए थे।

## आदि कर्मयोगी अभियान की ब्लॉक प्रोसेस लैब प्रारंभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रदेश शासन के आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले के चिन्हित 62 ग्रामों की ब्लॉक प्रोसेस लैब बीआरसी भवन जनपद पंचायत सभागार बल्देवगढ़ एवं अंबेडकर मंगल भवन बल्देवगढ़ में प्रारंभ की गई। उक्त दोनों स्थानों पर 62 ग्रामों के 10-10 ग्रामों के क्लस्टर तैयार किए गए हैं। जिसमें प्रत्येक ग्राम से सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा पर्यवेक्षक, आशा कार्यकर्ता, बीट गार्ड को ब्लॉक प्रोसेस लैब में प्रशिक्षण के लिए सम्मिलित किया गया है। उक्त समस्त फ्रंटलाइन वर्कर्स को ब्लॉक स्तरीय एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।**



यह कार्यशाला गत 9 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित कर सभी को प्रशिक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बल्देवगढ़ द्वारा उपस्थित समस्त फ्रंट लाइन वर्कर्स को भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन की जनजाति वर्ग के लिए संचालित योजनाओं के बारे में एवं आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला में समस्त लाइन विभागों के जिला स्तरीय एवं ब्लॉक ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एवं जनजाति कार्य विभाग के अधीक्षक उपस्थित रहे। प्रदेश शासन के आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले के चिन्हित 62 ग्रामों की ब्लॉक प्रोसेस लैब बीआरसी भवन जनपद पंचायत सभागार बल्देवगढ़ एवं अंबेडकर मंगल भवन बल्देवगढ़ में प्रारंभ की गई। उक्त दोनों स्थानों पर 62 ग्रामों के 10-10 ग्रामों के क्लस्टर तैयार किए गए हैं।

## आवागमन के लिए पुलिया न होना बना लोगों की परेशानी का सबब

**वर्तमान में नाले में है 3 से 4 फीट बारिश का पानी**

**स्कूली बच्चों सहित मरीजों को हो रही भारी परेशानी**



**नवभारत,न्यूज खरगापुर। खरगापुर नगर परिषद के वार्ड नंबर 4 से निकले नाले की पुलिया न होने के कारण यहां के निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के दुनर मोहल्ले के पहुंच मार्ग पर स्थित नाले में अभी वर्तमान में 3 से 4 फीट पानी भरा हुआ है। जिसे मोहल्ले वाले लोगों को रोज पार कर यहां से वहां जाना होता है और अभी इस नाले पर किसी पुलिया का निर्माण नहीं किया गया है।**

जानकारी के अनुसार मोहल्ले में रहने वाले 100 से अधिक परिवारों के पास आने-जाने का कोई अन्य वैकल्पिक रास्ता नहीं है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पुलिया न होने से बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। जो जाते हैं उनकी ड्रेस और किताबें खराब हो जाती हैं। साथ ही गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों को चारपाई से ले जाना पड़ता है। रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी लोगों को कमर तक पानी से होकर गुजरना पड़ता है। वार्डवासियों ने कई बार नगर परिषद सीएमओ, कलेक्टर सहित एसडीएम को आवेदन दिया है। स्थानीय निवासी रामेश्वर रजक और भागीरथ कुशवाहा ने प्रशासन की लापरवाही की ओर से लापरवाही बताया है। इस मुद्दें को लेकर वार्डवासियों ने प्रशासन को चेतावनी भरे स्वर में बताया है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे।

वहीं जब मामले में खरगापुर नगर परिषद के सीएमओ दिलीप पाठक से संपर्क का प्रयास किया गया, तो उनका फोन रिसीव्ह न होने के कारण उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी। खरगापुर नगर परिषद के वार्ड नंबर 4 से निकले नाले की पुलिया न होने के कारण यहां के निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के दुनर मोहल्ले के पहुंच मार्ग पर स्थित नाले में अभी वर्तमान में 3 से 4 फीट पानी भरा हुआ है। जिसे मोहल्ले वाले लोगों को रोज पार कर यहां से वहां जाना होता है और अभी इस नाले पर किसी पुलिया का निर्माण नहीं किया गया है। इस मुद्दें को लेकर वार्डवासियों ने प्रशासन को चेतावनी भरे स्वर में बताया है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे।

**वारदात** | **पुराने बस स्टैण्ड की कंपोजिट शराब दुकान के पास हुई घटना**

## पुराना बस स्टैण्ड पर युवक के साथ मारपीट, तमाशबीनों ने वीडियो बना किया वायरल

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के पुराना बस स्टैंड पर स्थित कंपोजिट शराब दुकान के कारण आए दिन शाम से ही यहां शराबियों का जमावड़ा देखा जा सकता है और यहां लड़ाई-झगड़े आमबात है। यहां पर पुलिस की मौजूदगी को दरकिनार करते हुए सुरा प्रेमी सहित अन्य लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं तथा यहां मौजूद लोग तमाशबीन बनकर तमाशे रूपी लड़ाई या मारपीट को देखकर केवल वीडियो बना उसका मखौल उड़ाते देखे जाते है।**



दरअसल गत रात्रि पुराना बस स्टेण्ड स्थित कंपोजिट शराब दुकान के पास एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के पीड़ित अंसार पुत्र अनवर शाह है। इस घटना के दौरान मौके पर कई लोग मौजूद थे लेकिन किसी ने बीच-बचाव नहीं किया।

किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया। जो अब कोतवाली पुलिस के पास पहुंच गया है। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है। पीड़ित युवक को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। अभी तक किसी पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

स्थानीय दुकानदारों के अनुसार पुराना बस स्टैंड पर स्थित शराब दुकान के कारण शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है। यहां आए दिन लड़ाई-झगड़े की घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों ने रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

आपको बता दें कि शहर के पुराना बस स्टैंड पर स्थित कंपोजिट शराब दुकान के कारण आए दिन शाम से ही यहां शराबियों का जमावड़ा देखा जा सकता है और यहां लड़ाई-झगड़े आमबात है। यहां पर पुलिस की मौजूदगी को दरकिनार करते हुए सुरा प्रेमी सहित अन्य लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं तथा यहां मौजूद लोग तमाशबीन बनकर तमाशे रूपी लड़ाई या मारपीट को देखकर केवल वीडियो बना उसका मखौल उड़ाते देखे जाते है। वहीं पीड़ित युवक को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। अभी तक किसी पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### शराब कंपनी की मनमानी बनी नागरिकों के लिए परेशानी

जिले की शराब कपंनी के कर्मचारियों की मनमानी से ग्रामीण अंचल के लोग बेहद परेशान है। शराब ठेकेदार गांव-गांव में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री करवा रहे है। जिसकी आए दिन शिकायते सामने आ रहीं है। साथ ही शराब कंपनी से जिले में खोली गई अवैध दुकानों के कारण आम नागरिकों के घर बर्वाद हो रहे हैं। जिससे थानों तथा पंचायतों में रोज ही झगड़े तथा गृह कलेश के मामले सामने आ रहे हैं।

## पुत्री व पत्नी को सुनाया आजीवन कारावास

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के बिजरावन गांव में 22 जुलाई 2024 को मृतक भानचंद्र यादव की सोते समय हत्या कर दी गई थी। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश ने पत्नी, पुत्री और या र आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।**

अपर लोक अभियोजक जटाशंकर श्रोती और उप निदेशक अभियोजन जैनेंद्र कुमार जैन ने बताया कि दिगौड़ा थाना क्षेत्र के बिजरावन में भानचंद्र यादव की हत्या कर दी गई थी। जिसमें न्यायालय द्वारा हत्या के आरोप में पुत्री रश्मि यादव, पत्नी कोमलबाई और बैजनाथ उर्फ कल्लू रजक के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था।

पुलिस ने बयान दर्ज कर प्रतिवेदन चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश भारकुंदिया के न्यायालय में दर्ज कराया था। साक्ष्यो के आधार पर न्यायाधीन ने तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## कन्या छात्रावास में छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण




**नवभारत न्यूज पलेरा। नगर में स्थित शासकीय अनुसूचित जाति कन्या जूनियर छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शासन के आदेशानुसार एवं छात्रावास अधीक्षिका रामदेवी अहिरवार की पहल पर आयोजित इस शिविर में पलेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आईं डॉ. शामियां अंसारी और उनकी मेडिकल टीम ने सभी छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया।**

परीक्षण के दौरान कई छात्राओं में कम वजन और कम ऊँचाई की समस्या सामने आई, जो शायद कुपोषण जैसी स्थिति को दर्शाती है। डॉक्टरों ने प्रभावित छात्राओं को तत्काल दवाइयाँ उपलब्ध कराईं और उन्हें पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी।

अधीक्षिका ने बताया कि छात्रावास में शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं के स्वास्थ्य और पोषण पर भी बराबर ध्यान दिया जा रहा है, ताकि वे भविष्य में हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से उम्मीद की जा रही है कि इस प्रकार के शिविर नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाएँ।